हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

06 बिना टैक्स जमा किए लोग मुफ्त में पी रहे हैं नगर...




09 कृषि उपज मंडी में 1000 ट्रॉलियों का महाजाम...





### वर्षांत पर 'हाई डेंसिटी टूरिज्म' की मढ़ई के आसपास के रिसोर्ट्स में तैयारी जारी

## पर्यटकों के स्वागत के लिए सजने लगे निजी रिसोर्ट्स, जल्द ही हो जाएंगे फुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

**एसटीआर की मढ़ई के आसपास बने निजी रिसोर्ट्स प्रबंधनों की सक्रियता तेज हो गई है। बीते सप्ताह में बुकिंग फुल होने का अनुमान है।**

दिसंबर शुरू होते ही सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की मढ़ई के आसपास बने निजी रिसोर्ट्स प्रबंधनों की सक्रियता तेज हो गई है। क्योंकि वर्षांत में यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ती है व हाई डेंसिटी टूरिज्म के चलते रिसोर्ट वर्ष के अंतिम पखवाड़े में फुल हो जाते हैं। इसलिये रिज़ोर्ट्स पर्यटकों के स्वागत के लिए सज धज कर तैयार हो चले हैं। ग्राम सारंगपुर स्थित रिसोर्ट सनशाइन के संचालक अनिल गहरैया ने बताया कि वर्ष के अंत में मढ़ई आने वाले पर्यटकों की संख्या में बहुत तेजी आती है तथा प्रायः यह स्थिति बनती है कि छोटे-बड़े सभी रिसोर्ट व होटल फुल हो जाते हैं। अभी दिसंबर माह का प्रथम सप्ताह है तो बड़े रिसोर्ट में देशी व विदेशी पर्यटकों की बुकिंग शुरू हो गई है।


गहरैया ने बताया कि पर्यटक ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से रिसोर्ट्स की बुकिंग प्रारंभ कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि मढ़ई के समीप स्थित ग्राम सारंगपुर में 10 से अधिक रिसोर्ट हैं तथा यहां समन्वय की प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिसमें जिसका रिसोर्ट फुल हो जाता है और उसके यहां यदि बुकिंग आती है तो वे अन्य रिसोर्ट में पर्यटकों को बुकिंग के लिए भेजते हैं।



### अंतिम सप्ताह में होगी भीड़

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में जंगल सफारी के लिए अभी से जिप्सी बुकिंग पर्यटकों द्वारा की जा रही है। तथा आगामी एक सप्ताह में सभी जिप्सियों की बुकिंग फुल होने की संभावना रिजर्वकर्मियों ने व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में जिप्सी के माध्यम से मॉर्निंग तथा इवनिंग की दो क्रमिक पालियां में पर्यटकों को जंगल सफारी कराई जाती है। इसके अलावा बागड़ा बफर जोन क्षेत्र में भी पर्यटक जिप्सी सफारी करते हैं।

### यह बने आकर्षण का केंद्र



उल्लेखनीय है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में इन दिनों दो बाघिनें झालई तथा फायर लाइन अपने शावकों के साथ लगातार देखी जा रही हैं। कम उम्र के शावकों की अपनी मां के साथ अठखेलियां पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इन दोनों बाघिनों तथा उनके शावकों ने पिछले एक माह में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की खासी ब्रांडिंग की है। जिसका असर दिसंबर माह में दिखाई दे रहा है तथा द्वितीय पखवाड़े की बुकिंग पर्यटकों द्वारा की जाने लगी है। यह तय हो गया है कि दिसंबर के अंतिम सप्ताह में एसटीआर के कोर क्षेत्र व बफर जोन हैवी टूरिस्ट नंबर्स से गुलजार होंगे।

### संचालक रखते हैं ख्याल

सभी का साझा उद्देश्य होता है कि पर्यटक निराश होकर मढ़ई क्षेत्र से नहीं जाना चाहिए। क्योंकि निराश पर्यटक से नकारात्मक प्रतिक्रिया फैलती है। जो कि टूरिज्म से जुड़े सभी व्यवसायिक पक्षों के लिए अच्छी नहीं मानी जाती। अतः सभी रिसोर्ट संचालक एक दूसरे का ख्याल रखते हैं। और पर्यटकों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने के लिए भांति भांति के प्रयास करते हैं। पचमढ़ी महोत्सव को लेकर भी तैयारियां शुरू हो रही हैं। जहां पचमढ़ी महोत्सव में मुख्य आकर्षण का केन्द्र कार्निवाल होगा वहीं स्वाद और संस्कृति के संगम से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां पर्यटकों को लुभाएंगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पचमढ़ी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## कार्रवाईः 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते धराए उप संचालक कृषि जेआर हेड़ाऊ

### कृषि बीज भंडार दुकान का लाइसेंस बहाल करने मांगी थी एक लाख की रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में कृषि विभाग के उपसंचालक जेआर हेड़ाउ सोमवार को लोकायुक्त की टीम ने 40000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है। उन्होंने एक कृषि बीज भंडार दुकान के लाइसेंस बहाली के लिए एक लाख रुपए की मांग की थी तथा सोमवार दोपहर लोकायुक्त टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ा है।

लोकायुक्त पुलिस महानिदेशक योगेश देशमुख द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश पर लोकायुक्त उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई है।

भोपाल लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्रवाई मामले में आवेदक राजनारायण गुप्ता पिता पन्नालाल गुप्ता उम्र 68 वर्ष निवासी बाबई रोड कैंपियन स्कूल के पास नर्मदापुरम के आवेदन पर की गई है तथा लोकायुक्त टीम ने अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग जिला नर्मदापुरम जयराम हेड़ाऊ को सोमवार को पकड़ा तथा हेड़ाऊ से 40 हजार रुपये की राशि ट्रैप की गई है। आरोपी के नर्मदापुरम स्थित कार्यालय में यह कार्रवाई की गई है।



### यह है मामला

जानकारी अनुसार आवेदक राजनारायण गुप्ता अपने भाई वीरेंद्र गुप्ता की विनायक खाद बीज भंडार नर्मदापुरम के संचालन का काम देखते हैं। उनकी दुकान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। जिसकी जांच के नाम पर जयराम हेड़ाऊ उप संचालक कृषि नर्मदापुरम ने गुप्ता की दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया था। आवेदक लाइसेंस की बहाली के लिये जयराम हेड़ाऊ से मिला, तो उन्होंने आवेदक से रू 100000 रुपये की रिश्वत की मांग की। जिस पर आवेदक ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त भोपाल दुर्गेश राठौर को शिकायत की थी।

सत्यापन के उपरांत शिकायत के सही पाए जाने पर सोमवार आठ दिसंबर 2025 को आरोपी उप संचालक कृषि जयराम हेड़ाऊ पिता विष्णु हेड़ाऊ उम्र 51 वर्ष उपसंचालक कृषि नर्मदापुरम निवासी एफ 3 सिविल लाइन नर्मदापुरम को अपने कार्यालय में आवेदक से रू40000 की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।

### धारा 7 में कार्रवाई

लोकायुक्त टीम से प्राप्त जानकारी अनुसार मामले में आरोपी के विरुद्धभ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा सात के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही के दौरान लोकायुक्त के ट्रेप दल में उप पुलिस अधीक्षक बीएम द्विवेदी, निरीक्षक रजनी तिवारी, प्रधान आरक्षक रामदास कुर्मी, प्रधान आरक्षक मुकेश पटेल, आरक्षक मुकेश परमार , आरक्षक चैतन्य प्रताप सिंह शामिल रहे।

## नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर परिषद द्वारा शहरी क्षेत्र में विविध विकास कार्य किये जा रहे हैं। इन विकास कार्यों का गत दिनों क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश ठेकेदारों को दिए हैं। गत दिवस नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल व नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी ने शहरी क्षेत्र में जारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस के समीप निर्माणाधीन स्वागत द्वार, नया बस स्टैंड के समीप निर्माणाधीन दुकानों सहित स्टेडियम की निर्माणाधीन दुकानों का निरीक्षण किया। पलकमती नदी में गौतम वार्ड के समीप बनाए जा रहे घाट का भी जनप्रतिनिधियों तथा भाजपा नेताओं ने अवलोकन किया है। नेताओं ने ठेकेदारों को निर्देश दिये कि गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। ताकि वर्तमान परिषद के कार्यकाल में किये जा रहे कार्य आगामी समय में गुणवत्तापूर्ण कार्यों की मिसाल बन जाए। यद्यपि नागरिकों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में संदेह जताया है। नागरिकों के अनुसार स्पष्ट है कि ठेकेदार जनप्रतिनिधियों की नहीं सुन रहे हैं। उदाहरण के तौर पर शहर में कायाकल्प योजनांतर्गत बनाई गई कुछ सड़कों की स्थिति देखी जा सकती है। जिनका ठेका किसी एक ही मालवीय कंपनी को दिया गया है। कंपनी द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्यों पर नागरिकों ने संदेह जताया है।



## सीनियर ओपन हैंडबॉल चैंपियनशिप में हिमालय एकेडमी बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हाल ही में भोपाल में आयोजित सीनियर ओपन हैंडबॉल चैंपियनशिप में हिमालय हैंडबॉल एकेडमी नर्मदापुरम विजेता बना। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया था। हिमालय हैंडबॉल अकादमी ने खिताबी मुकाबले में ग्वालियर को 22-17 गोलों के अंतर से हराकर विजेता खिताब पर कब्जा किया। बना हिमालय हैंडबॉल अकादमी के सुमित कहार बेस्ट स्कोरर ऑफ टूर्नामेंट तथा विजय कुमार को बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर नर्मदा पुरम जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष शर्मा, शाला प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, सचिव डॉ. सचिन खम्परिया, ऑस्कर मोसेस, विनोद कुमार साहू, आर के सिंह, विक्रांत खम्परिया, राजेन्द्र रघुवंशी सहित सभी खेलप्रेमियों ने बधाई दी।



## नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल का 13वें डिवीजनल कराते चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में आयोजित 13वीं नर्मदापुरम डिवीजनल कराटे चैंपियनशिप में नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 1 से 9 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया।




बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय को ओवरऑल विजेता की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों में सोलिहा, मोहित, ज़ारा, प्रियांशी, दृष्टि, दिव्या, इमारा, संस्कृति, अनुष्का, प्रतिभा, हर्षिता, ऋषिका, अपूर्वा, सुयज्ञा, जतिन, अनुपम, दैविक, देवांश, दक्ष, शिवाय, आदित्य, हिमांशु, संकल्प, बलराज और वेदांत शामिल रहे।

इन सभी छात्रों ने अलग-अलग कैटेगरी में उत्कृष्टता दिखाते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के निदेशक मनीष अग्रवाल, प्राचार्य इमरान खान तथा कोऑर्डिनेटर श्वेता शुक्ला ने सभी बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस उपलब्धि का श्रेय बच्चों के कठिन परिश्रम के साथ-साथ कराटे कोच यशवंत सिंह के मार्गदर्शन को भी जाता है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों को भी हार्दिक बधाई प्रेषित की और बच्चों को आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## रोहना में छूटे मतदाताओं की लिस्ट का वाचन किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्याप्रदेश में मतदात सूची गहन पुनरीक्षण के कार्य में जो नाम सर्च नहीं हो पा रहे हैं एवं जिनी मृत्यू हो चुकी है उनके नामों की सूची का वाचन मतदान केन्द्रों में किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में सुपरवाईजर रामकुमार गौर की उपस्थिति में रोहना ग्राम के मतदान केन्द्र क्रमांक 13 एवं 14 में मतदाता सूची में मृत, बाहर चले गये मतदाता, जो मतदाता जानकारी नहीं दे रहे हैं उनकी सूची का वाचन किया गया।

जिसमें मतदान केन्द्र क्रमांक 13 की सूची का वाचन बीएलओ प्रयास पुरी गोस्वांमी के द्वारा किया गया।

## पचमढ़ी की बेटी डॉ. एकता टिकार ने रचा इतिहास, गृह नगर में हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश के छोटे से कस्बे पचमढ़ी की बेटी डॉ. एकता टिकार ने आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर अपने गृहनगर का नाम रोशन किया है। नगर की प्रथम आयुर्वेदिक महिला चिकित्सक बनने के बाद सोमवार को उनके गृह आगमन पर सतपुड़ा की वादियों में उनका भव्य स्वागत किया गया।डॉ. एकता टिकार ने आयुर्वेदिक चिकित्सा की पढ़ाई में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पचमढ़ी में पूरी की और उच्च शिक्षा के लिए भोपाल चली गईं। उन्होंने भोपाल के शासकीय जयप्रकाश जिला चिकित्सालय और बंसल हॉस्पिटल में भी अपनी सेवाएं दी हैं।



एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली डॉ. एकता के पिता, शिक्षक संजय टिकार, और माता, उषा टिकार, ने अपनी बेटी की सफलता पर गहरा संतोष व्यक्त किया। संजय टिकार ने कहा, ₹हमें अपनी बेटी पर बहुत गर्व है। उसने हमारी उम्मीदों को पूरा किया है।₹ माता उषा टिकार ने इसे एकता की मेहनत और परिश्रम का फल बताया। डॉ. एकता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के प्रोत्साहन, अपने परिश्रम और आत्मविश्वास को दिया है।डॉ. एकता की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों, माता-पिता, बहन नम्रता टिकार, बहन गरिमा टिकार और भाई अनुज चौधरी ने उनका स्वागत किया।

## ठंड में निराश्रित मवेशियों के लिए अलाव बने सहारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

क्षेत्र में इन दिनों तीव्र ठंड का दौर जारी है। जिससे सबसे अधिक परेशानी सड़कों पर भटकते निराश्रित मवेशियों को हो रही है। ये मवेशी क्षेत्र में जहां-तहां सुलगते अलावों के पास शाम को एवं रात्रि में पहुंचकर स्वयं के लिए ठंड से बचाव का सहारा खोजते देखे जा सकते हैं।

नागरिकों के अनुसार निराश्रित गौवंश मवेशियों की सुरक्षा के लिए शासकीय स्तर पर जो घोषणाएं की गई हैं, उनके अनुरूप मैदानी कार्य भी किए जाएं। ताकि ठंड की इस स्थिति में निराश्रित मवेशियों को जान ना गंवानी पड़े।

### माखनलाल चतुर्वेदी कालेज जैविक खेती पर हुआ व्याख्यान

## जैविक खेती न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी बेहतर हैः अक्षय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में जैविक खेती पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था। 8 दिसंबर 2025 को माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर प्रभारी प्राचार्य डॉ .आई. एस. कनेश के मार्गदर्शन मे मुख्य वक्ता अक्षय उपरीत ने जैविक खेती के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जैविक खेती न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी अच्छा है।




जैविक खेती से हम स्वस्थ और सुरक्षित भोजन प्राप्त कर सकते हैं और साथ ही मृदा की उर्वरता भी बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम का महत्व ,यह कार्यक्रम छात्रों को जैविक खेती के बारे में जागरूक करने और उन्हें इसके महत्व को समझाने के लिए आयोजित किया गया था। छात्रों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और जैविक खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की। दूसरे मुख्य वक्ता जय सिंह राजपूत जी ने जैविक खेती से आय बढ़ाने के साधनों पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जैविक खेती में रोजगार के अवसर कैसे सृजित किए जाए यह था । व्याख्यान में प्रमुख रूप से डॉ.अमिताभ शुक्ला,प्रो.अजय मेहरा, डॉ.शर्मा सहित लगभग 90 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया

संचालन डॉ .धर्मेंद्र सिंह चौहान (रासेयो प्रभारी) ने किया आभार स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. क्षमा मेहरा ने दिया।

### राज्यसभा सांसद नारोलिया ने स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक का किया समर्थन

नर्मदापुरम। राज्यसभा में सोमवार को “स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025” पर चर्चा के दौरान सांसद माया नारोलिया ने कहा कि यह विधेयक केवल राजस्व जुटाने का उपाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, स्वास्थ्य ढांचे और दीर्घकालिक तैयारी को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम है।




जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### कांस्टेबल ने मामूली विवाद पर युवक पर तानी पिस्टल

**बैतूल/आमला।** आमला नगर के एक रिहाईशी इलाके में बीती रात एक मामूली बात पर आमला थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल अनंतराम यादव ने युवक वीरेंद्र सिंह चौहान पर पिस्टल तान दी। इस बात से मामला इतना बिगड़ गया कि पुलिस की दबंगई से नाराज कुछ लोग गुस्से में आमला थाने पहुंच गए। प्रत्यक्चदर्शियो ने बताया कि यहां कई स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच विवाद भी हुआ है। अब इस पूरे मामले की शिकायत पीड़ित पक्ष वीरेंद्र चौहान ने जिला पुलिस अधीक्षक को की है। वीरेंद्र सिंह चौहान ने जिला पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत पत्र में लिखा है कि वह सोमवार की रात अपने घर में पानी के लिए बोर करवा रहे थे, तभी वहां हेड कांस्टेबल अनंतराम यादव ने बोरिंग मशीन को देखकर कहा कि रास्ते में मशीन क्यों खड़ी की है और गंदी-गंदी गालियां देने लगे। इसके अलावा मारपीट पर भी उतारू हो गए। पास में रखी पिस्तौल निकालकर कहा कि तुझे जान से मार दूंगा। इसके अलावा कई आरोप प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में लगाये। इधर इस मामले की शहर में खूब चर्चा हो रही है। इस मामले में जब हमने संबंधित हेड कांस्टेबल से फोन पर बात करना चाहा तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया था। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर ने बताया कि बोरवेल मशीन को लेकर मामूली विवाद हुआ था। पिस्तौल निकालने जैसी कोई बात नहीं है, बेवजह मामले को तूल दिया जा रहा है।

### भाषाई संगम एवं सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया

**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में भारतीय भाषा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छगन गुर्जर द्वारा सांकेतिक भाषा का अभ्यास करवाया गया। भाषाई मित्र सहयोग विषय पर आधारित इस गतिविधि का मुख्य संदेश यह था कि मूक एवं श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए भाषा का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम संकेत होते हैं, और ऐसी परिस्थिति में सांकेतिक भाषा का विशेषज्ञ एक भाषाई सहयोगी के रूप में कार्य करता है। इसी क्रम में माध्यमिक वर्ग के छात्रों ने लोकोक्तियों में एकता विषय पर आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं की लोकोक्तियों द्वारा आपसी एकता, सद्भाव और सहयोग का भाव प्रभावी रूप से व्यक्त किया। इसके साथ ही विद्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने इस दिवस के महत्व तथा देश की रक्षा में सैनिकों के योगदान के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत संदेश प्रस्तुत कर सभी को सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। समग्र रूप से यह कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी तथा छात्रों में एकता, संवेदनशीलता और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने वाला रहा।

### मलकापुर के किसानों को मिली आधुनिक गन्ना बुवाई मशीन

**बैतूल।** श्रीजी शुगर मिल सोहागपुर द्वारा लगातार किसानों के हित में सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी प्रयास के तहत आज गन्ना बुवाई की आधुनिक मशीन मंगवाई गई, जिसे मलकापुर के दो किसान आरेंद्र पटेल और मोहित पटेल को प्रदान किया गया। श्रीजी शुगर मिल सोहागपुर के संचालक अभिषेक गोयल ने बताया कि इस मशीन से किसानों को कम समय में अधिक कार्य करने की सुविधा मिलेगी। मजदूरों की कमी से जूझ रहे किसानों को इससे बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि यह मशीन कम समय में गन्ना बुवाई पूरी कर देती है। गन्ना प्रबंधक अनुज तोमर ने जानकारी दी कि यह मशीन एक साथ गन्ना उपचारित करना, खाद डालना और बुवाई करना तीनों काम करती है। किसान आरेंद्र पटेल ने बताया कि उन्हें 35 एकड़ में गन्ना बुवाई का कार्य करना है, जो अब मशीन की मदद से बहुत कम समय में संभव हो जाएगा और मजदूर संकट भी नहीं रहेगा। वहीं मोहित पटेल ने कहा कि इस मशीन के जरिए वे अपनी बुवाई के साथ किराए पर बुवाई कर एक नया रोजगार भी शुरू कर सकेंगे।

### अवैध नल कनेक्शन से नपा कर्मचारी परेशान

# बिना टैक्स जमा किए लोग मुफ्त में पी रहे हैं नगर पालिका का पानी!

### आर्थिक तंगी से जूझ रही नपा, अब रिकार्ड खंगालने में जुटी, दो माह बाद कर्मचारियों को 15 दिन का वेतन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

लगभग 23 करोड़ सालाना बजट वाली नगर पालिका के पास जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण कर्मचारियों के वेतन तक के लाले पड़ रहे हैं। इस माह जब कर्मचारियों को दो माह का वेतन मिलना था, तब नपा ने मात्र 15 दिन का वेतन दिया है, ऐसे में नगर पालिका की माली हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। बीते कई वर्षों से लगातार आर्थिक तंगी से जूझ रही नगर पालिका आमला को इन हालातो में पहुंचाने के लिए काफी हद तक शासन-प्रशासन की अदूरदर्शिता और लापरवाही को जिम्मेदार माना जा सकता है। बात चाहे विभिन्न करों की वसूली के हो या जलकर या अन्य किसी भी माध्यम से नपा के आय के स्त्रोत की बात करें, सभी मोर्चो पर कर्मचारियों की लापरवाही ने शहर की सरकार का बजट पूरी तरह चरमरा कर रख दिया है। नपा के अकाउंटेंट बाबूराव धोटे इस मामले को आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया बताते हुए कहते हैं कि नगरपालिका का सालाना बजट लगभग 23 करोड रुपए है, किंतु इस समय हमारे पास तमाम करों की वसूली का लगभग 70 लाख रुपए और चुंगी क्षतिपूर्ति के माध्यम से लगभग 4 करोड रुपए ही नगरपालिका को मिल रहे हैं, ऐसे में नगर पालिका की खस्ता होती माली हालत का सहजता से ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

#### नल कनेक्शन का नहीं मिल रहा रिकॉर्ड

शहर के कईयों नल कनेक्शन उपभोक्ताओं का रिकॉर्ड ही नहीं मिल रहा है। नपा के जल शाखा विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार पूरे शहर के 18 वार्डों में 3 हज़ार नल जल उपभोक्ता ही है, किंतु बीते वर्षों में जलावर्धन कंपनी द्वारा लगभग इतने ही नए नल कनेक्शन शहर के उपभोक्ताओं को दिए हैं। कंपनी ने किन उपभोक्ताओं को नल कनेक्शन दिए हैं, उनका ना तो कोई रिकॉर्ड मिल रहा है और ना ही ऐसे उपभोक्ताओं से किसी तरह की कोई राशि वसूल की गई है। और ना ही ये जल कर जमा कर रहे। इस प्रकार बिना टैक्स जमा किए ही ये लोग मुफ्त में नपा का पानी उपयोग कर रहे हैं। अगर सूत्रों पर भरोसा करें तो पूरे शहर में 6612 नल कनेक्शनधारी है, किंतु नपा के रिकॉर्ड में केवल 3 हज़ार नल उपभोक्ता ही है। ऐसे में पेयजल आपूर्ति पर होने वाले अतिरिक्त खर्च भी नगरपालिका को ही वहन करना पड रहा है। और इसके बदले में नगरपालिका को उपभोक्ताओं से कोई राशि भी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में आर्थिक तंगी से जूझ रही नगरपालिका की माली हालत और भी बिगड़ रही हैं।

#### दबाव बढ़ा, तो नोटिस का खेल हुआ शुरू

नगरपालिका उपभोक्ताओं से टैक्स वसूलने में फिसड्डी साबित होती रही है। नपा के कर्मचारी अब ऐसे नल कनेक्शन उपभोक्ताओं को ढूंढने का अभियान शुरू कर रहे हैं, जिसका कोई रिकॉर्ड ही नहीं मिल रहा है। जानकारी के अनुसार शहर में अब ऐसे लोगों को नोटिस भेज कर तलब किया जा रहा है, जो नपा के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो पाए हैं। यानि नपा खुद की गलतियों का ठीकरा अब उपभोक्ताओं पर फोडऩा चाहती है। इस मामले में नपा के टाइम कीपर गणेश हारोडे ने बताया है कि पूरे शहर में 6612 नल कनेक्शन है, लेकिन रिकार्ड में मात्र 3 हज़ार उपभोक्ता ही है, शेष उपभोक्ताओं को चिन्हित कर राशि वसूल की जाएगी। वहीं जलावर्धन कंपनी का भी ये दावा है कि नगरपालिका शुरू से ही कंपनी को कोई सहयोग नहीं कर रही है, जिससे आपसी तालमेल नहीं होने के कारण हालात बिगड़े हैं।

#### अब प्रदेश सरकार से सहयोग की उम्मीद

बीते कुछ वर्षों में जिस तरह नपा आमला की आर्थिक हालत लगातार बिगड़ती हैं, उससे पूरे शहर के विकास पर प्रभाव पड़ रहा है। जानकार बताते हैं कि आमला नगरपालिका के इन हालातो में पहुंचने के कई कारण है, किंतु इस समय आमला नपा को बचाने के लिए प्रदेश सरकार सीधे दखल देकर ही नगरपालिका आमला को संकट से उभार सकती है।

#### इनका कहना है

*शहर में जलावर्धन कंपनी द्वारा बिना किसी वैधानिक नियम के लोगों को नल कनेक्शन दिए गए हैं। शहर में जब नल कनेक्शन दिए जा रहे थे, तब नगरपालिका से किसी भी तरह की एनओसी और उपभोक्ताओं से कनेक्शन का चार्ज भी नहीं लिया गया। जिसके चलते कंपनी द्वारा दिए गए नल कनेक्शन का रिकॉर्ड नगरपालिका में दर्ज नहीं हो पाया है। हम कंपनी से इस बारे में बात कर रहे हैं।*

*- नितिन बिजवे, सीएमओ, नगरपालिका आमला*

## पुलिस की 10 टीमें तलाश में जुटी
# 6 वर्षीय बच्ची का अपहरण
## पैरोल पर छूटा आरोपी ले गया



**बैतूल।** मुलताई थाना क्षेत्र से छह वर्षीय बच्ची का अपहरण किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, गांव का ही एक युवक बच्ची को अपनी बाइक से ले गया है। आरोपी कुछ दिन पहले ही पैरोल पर जेल से बाहर आया था। बताया जा रहा है कि आरोपी हत्या के मामले में जेल में बंद था। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि बच्ची के अपहरण की शिकायत पर तत्काल मामला दर्ज कर लिया गया है। बच्ची की तलाश के लिए 10 अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई हैं, जो रातभर से अभियान चला रही हैं। पुलिस ने क्षेत्र की सीमाओं पर नाकाबंदी की है और आरोपी की संभावित लोकेशन पर तलाशी जारी है। आसपास के जंगल क्षेत्रों, गांवों, संभावित ठिकानों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर भी सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। घटना रविवार शाम करीब 6.30 बजे सामने आई। ग्रामीणों ने अनिल कुशराम को बच्ची के साथ बाइक पर जाते देखा था। बच्ची के परिजनों को शक होने पर ग्रामीणों ने रात 11 बजे पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि आरोपी अनिल कुशराम का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वह हाल ही में पैरोल पर जेल से रिहा हुआ था। इस जानकारी के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। इसके अतिरिक्त, पड़ोसी जिलों की पुलिस को भी सतर्क कर दिया गया है ताकि आरोपी किसी अन्य इलाके में न भाग सके। पुलिस ने जल्द ही बच्ची को सुरक्षित बरामद करने का भरोसा दिलाया है, हालांकि अभी तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है।

#### पीड़ित के घर पहुंचे आईजी-एसपी

घटना की गंभीरता को देखते हुए नर्मदापुरम रेंज के आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला सोमवार को स्वयं पीड़िता के गांव पहुंचे। उनके साथ बैतूल पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन भी मौके पर मौजूद रहे। आईजी और एसपी ने परिजनों से चर्चा कर घटना की जानकारी ली और पुलिस टीमों को हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए। मुलताई और आठनेर थाना पुलिस के साथ-साथ महाराष्ट्र के वरुड, मोर्शी और बैनोडा क्षेत्र में भी सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। मुलताई थाना प्रभारी नरेंद्र परिहार अपनी टीम के साथ वर्तमान में वरुड क्षेत्र में सर्चिंग ऑपरेशन में जुटे हैं।

#### आज से दो दिवसीय जिला स्तरीय प्राकृतिक कृषि मेला

*बैतूल। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा एवं मिशन ऑन इडिबल ऑयल तिलहन के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्राकृतिक कृषि मेला 9 और 10 दिसंबर को पुलिस ग्राउंड बैतूल में आयोजित होगा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास के उपसंचालक ने बताया कि कृषि विज्ञान मेले में कृषि व भविष्य की पर्यावरण पूरक तकनीक, प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के लाभ, खाद्य प्रसंस्करण, कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा, आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, उन्नत पशुपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, रेशम उत्पादन, मत्स्य पालन, एग्रो फॉरेस्ट्री, डेयरी, आधुनिक कृषि प्रदर्शनी, तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन, मिलेट खाद्यानों का मानव स्वास्थ्य में महत्व, मिलेट फसलों की खेती की उन्नत तकनीक की जानकारी एवं मार्गदर्शन वैज्ञानिकों द्वारा दी जाएगी। इसके अलावा नवीन कृषि तकनीकी एवं कृषकों के प्रयासों के विभिन्न विषयों पर स्टॉल भी कृषि मेले का आकर्षण रहेगें।*

## भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री को मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



सारनी। श्रम संहिता पर मार्गदर्शन के लिए बैतूल प्रवास पर आए भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर को नगरपालिका मजदूर संघ ने कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में श्री गुर्जर ने श्रमिकों के हित में बने नए श्रम कानूनों, श्रम संहिता के बारे श्रमिकों को विस्तृत जानकारी देकर मार्गदर्शित किया गया। नगर पालिका मजदूर संघ के अध्यक्ष केके भावसार ने बताया कि यह कार्यक्रम भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मधुकर साबले, महेन्द्र सिंग ठाकुर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, राजेश मंसुरिया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विभाग प्रमुख विनय डोंगरे एवं भारतीय मजदूर संघ जिला बैतूल के मंत्री पंजाबराव गायकवाड़ एवं जिला अध्यक्ष सचिन दरवाई एवं हरिओम कुशवाह आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नगरपालिका मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष केके भावसार ने महामंत्री कुलदीप गुर्जर के समक्ष कर्मचारियों की मांगें रखीं। जिसमें जिला द्वारा प्रदेश की नगरीय निकायों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितिकरण, विनियमितकरण, उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति, केंद्र के समान स्वास्थ्य सुविधाएं निकायों को चुंगी की राशि का समय पर पूर्ण भुगतान एवं राशि में किसी भी प्रकार की कटौती न किये जाने जैसी मांगें रखी। वर्ष 2000 के बाद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयों कों बंद करने के आदेश पर महामंत्री श्री गुर्जर ने कहा कि उस आदेश पर किसी भी कर्मचारियों को बंद नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कर्मचारियों का हित सर्वोपरी है।

### जांच में जुटी पुलिस
## फ्लाईओवर पर दो ट्रकों की भिड़ंत, ड्राइवर गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पंखा फ्लाईओवर पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे दो ट्रकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, रायपुर से लोहे का भारी लोड लेकर इंदौर जा रहा ट्रक, अपने आगे चल रहे दूसरे ट्रक से टकरा गया। बताया जा रहा है कि आगे वाले ट्रक चालक ने अचानक फ्लाईओवर पर ब्रेक लगा दिए थे। तेज रफ्तार और भारी वजन के कारण पीछे आ रहा ट्रक नियंत्रण खो बैठा और दोनों में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि लोहा भरे ट्रक का ड्राइवर केबिन में बुरी तरह फंस गया। राहगीरों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। हादसे के बाद आगे वाले ट्रक का ड्राइवर और कंडक्टर मौके से ट्रक छोडक़र फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सांईखेड़ा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फोरलेन अथॉरिटी और एनएचएआई की 1033 एम्बुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंची। घायल ड्राइवर को प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। उसे रात 12 बजकर 36 मिनट पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल ड्राइवर की पहचान बिजादेही, चिचोली निवासी 25 वर्षीय दिनेश पिता रामदास आहके के रूप में हुई है। उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार ट्रक चालक व कंडक्टर की तलाश की जा रही है।

## नपा सारनी के खिलाफ सड़कों पर उतरी आम जनता, कांग्रेस के आंदोलन को मिला समर्थन

### जलावर्धन योजना के नाम पर वसूली पर फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगरपालिका सारनी द्वारा जलावर्धन योजना के तहत नल कनेक्शन के नाम पर वसूल किए जा रहे शुल्क के विरोध में सोमवार को शहर की जनता सडक़ों पर उतर आई। विरोध प्रदर्शन में महिलाओं की सहभागिता सर्वाधिक रही और वार्ड-वार्ड से लोग आए और नारे लगाये। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा 1 दिसंबर से चल रहे क्रमिक भूख हड़ताल को सोमवार को जन समर्थन की बड़ी ताकत मिली। शहर के सभी 36 वार्डों से नागरिकों ने प्रदर्शन में उपस्थिति दर्ज कराते हुए नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ अपनी नाराजग़ी प्रकट की। शॉपिंग सेंटर में सभी एकत्रित हुए, जहां बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक सुनील उइके, प्रदेश सचिव समीर खान समेत अन्य नेताओं ने माल्यार्पण कर आंदोलन की दिशा आगे बढ़ाई। प्रतिमा स्थल से बड़ी रैली नारेबाजी करते हुए नगरपालिका कार्यालय की ओर रवाना हुई। नगर पालिका कार्यालय पहुंचने के बाद यह रैली आमसभा में बदल गई। कांग्रेस नेता और आंदोलनकारियों ने सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डेढ़ साल बाद नोटिस जारी कर जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालना सरासर अन्याय है। जब पानी की व्यवस्था पूरी तरह सुचारू नहीं है तो शुल्क वसूली कैसे न्यायोचित है। इसी दौरान नगरपालिका कार्यालय के बाहर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष जमीन पर बैठकर जोरदार नारेबाजी करते रहे। प्रशासन ने संभावित भीड़ और परिस्थिति को देखते हुए पूरे डिवीजन का बल पहले से तैनात कर रखा था। पुलिस अधिकारी प्रदर्शन स्थल पर लगातार निगरानी बनाए रहे। सभा में बताया गया कि यदि नोटिस वापस नहीं लिए गए और वसूली बंद नहीं हुई तो यह आंदोलन और उग्र रूप लेगा। यह सिर्फ आंदोलन नहीं बल्कि जनता की आवाज है। जब तक जनहित में निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। दिनभर चले इस विरोध प्रदर्शन में जनता का उत्साह देखते ही बन रहा था। रोष स्पष्ट दिख रहा था कि अब इस मुद्दे पर सारनी शांत नहीं रहने वाली है।

## बैतूल में सिकलसेल की बीमारी से बचाव के हर स्तर पर हो रहे प्रयास

### स्वदेशी मेले में सिकलसेल एनीमिया पर विभिन्न गतिविधियां



**बैतूल।** पुलिस ग्राउंड बैतूल में चल रहे स्वदेशी मेले में रविवार को सिकल सेल एनीमिया पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि स्वदेशी मेले के मंच पर सिकलसेल जागरूकता नाटक का प्रदर्शन एनएसएस की टीम द्वारा किया गया, जिसमें सिकल मरीज अंधविश्वास के कारण भगत-भुमका के पास झाडफ़ूक करवाने पहुंचता है, किन्तु झाडफूक से आराम न मिलने पर ग्राम में पदस्थ स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा उचित परामर्श देकर सिकल सेल की जांच की जाती है एवं उसका उपचार पाजिटिव आने पर किया जाता है की नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। स्वदेश मेले के मंच परं पूर्व में राज्यपाल द्वारा लोकार्पण की गई जेनेटिक कुण्डली पर बनी सिकल सेल की डाक्यूमेंट्री दिखाई गयी कि शादी की कुण्डली मिलाने के पूर्व सिकल सेल की जांच करवाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में होने वाली संतान को इस आनुवांशिक बीमारी से बचाया जा सके।

मंच पर मध्यप्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण पहल सिकल सेल मित्र पर आधारित डाक्यूमेंट्री का विमोचन भी किया गया, जिसमें बताया कि सिकल सेल मित्र इस बीमारी से लडने में महत्वपूर्ण कड़ी है। स्वदेशी मेले में मंच से विधायक आमला डॉ योगेश पंडाग्रे, आदित्य बबला शुक्ला, अबीजर हुसैन एवं सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े, सिविल सर्जन डॉ जगदीश घोरे द्वारा सिकल सेल उन्मूलन अंतर्गत 125 दिवस में स्क्रीनिंग कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य टीम घोड़ाडोंगरी विकासखंड को प्रथम स्थान, स्वास्थ्य टीम भैंसदेही विकासखंड द्वितीय स्थान, स्वास्थ्य टीम सेहरा एवं स्वास्थ्य टीम शहरी क्षेत्र बैतूल तृतीय स्थान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा सिकल सेल मरीजों के लिए रक्तदान करने वाले रक्तदाता एवं सिकल मित्रों को भी मंच से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### पूर्ण नल जल योजनाओं को शीघ्र हैंडओवर कराएं

## एकल योजनाओं को भी पूर्ण करने में गति लाएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले में पूर्ण हुई नल जल योजनाओं को शीघ्र हैंडओवर कराया जाएं। शेष घरेलू नल कनेक्शन के कार्य भी पूर्ण करने में गति लाएं। इसी प्रकार एकल ग्राम नल जल योजनाओं को भी पूरा करने में तेजी लाएं।

यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में सभी जनपद सीईओ और कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि नल जल योजनाओं के हैंडओवर में शिथिलता बरतने वाले जनपद सीईओ के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम भी अपने क्षेत्र में इस कार्य की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के हैंडओवर और एकल ग्राम योजनाओं के लक्ष्य को 31 दिसंबर तक पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को वन ग्रामों में वन अधिकार पत्र और पट्टा वितरण की कार्यवाही भी शासन निर्देशों के अनुरूप शीघ्र कराएं जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन का कार्य पूरी गंभीरता से किया जाएं। एसडीएम अपने क्षेत्र में पंजीयन सत्यापन की सतत मॉनिटरिंग करें। पंजीयन सत्यापन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम अपने क्षेत्र में पंजीयन सत्यापन के लिए जिम्मेदार होंगे। सत्यापन उपरान्त सिकमी पंजीयन सत्यापन के व्यवस्थित परीक्षण का एसडीएम और नायब तहसीलदार से संयुक्त प्रमाण पत्र भी लिया जाएं। जिसमें उल्लेखित किया जाए कि सिकमी सत्यापन का मौका स्थल पर रकबा सत्यापन और भूमि स्वामी के अनुबंध की जांच कर ली गई है। इसमें लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी के वेतन से वसूली की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, पशुपालन केसीसी, पीएम स्वनिधि योजना की विस्तृत समीक्षा कर योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य की तुलना में बैंकों को प्रेषित प्रकरणों के स्वीकृति और वितरण की जानकारी ली।

#### सार्थक एप पर उपस्थिति नहीं होने पर नहीं करें वेतन आहरण

*कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी जिला अधिकारी सार्थक एप पर उपस्थिति दर्ज होने के निर्देशों का गंभीरता से पालन कराए। उन्होंने सभी तहसील और जनपद कार्यालय में अटेंडेंस के लिए सार्थक एप के उपयोग की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि एप पर उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले अधिकारी, कर्मचारी का वेतन आहरण नहीं किया जाएं। बिना अनुमति वेतन आहरण करने वालों को आर्थिक अनियमितता की श्रेणी में माना जाएगा। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में तहसीलवार राजस्व वसूली की समीक्षा कर वसूली में गति लाने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों का भी निर्धारित समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए।*

## सूने मकान में चोरी का प्रयास, पड़ोसी के जागने पर भागे चोर

इटारसी। शहर के अवाम नगर क्षेत्र में रविवार देर रात करीब 1:30 बजे एक सूने मकान में चोरी का प्रयास किया गया। सामने रहने वाले पड़ोसी के जाग जाने के कारण दो अज्ञात चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए और उन्हें मौके से भागना पड़ा। यह घटना रात डेढ़ से दो बजे के आसपास की बताई जा रही है। चोरी की घटना के पीड़ित अमित साहू ने बताया कि वह रविवार को अपने परिवार के साथ लोहारिया ग्राम गए हुए थे। इसी दौरान, दो अज्ञात चोरों ने उनके आवास का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे। सामने रहने वाले कल्लू खान ने आवाज सुनकर तुरंत बाहर आकर देखा, जिसके बाद चोर भाग खड़े हुए। पीड़ित अमित साहू को जब चोरी के प्रयास की जानकारी दी गई, तो वह तुरंत अपने परिवार के साथ घर वापस लौट आए। यह पूरी घटना सामने वाले मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे पुलिस को चोरों की पहचान करने में मदद मिल सकती है। घटना के बाद पुलिस टीम अवाम नगर पहुंची और मौका मुआयना किया। आवाम नगर के अलावा साईं नाथ बकरी के पास भी चोरी होने की अपुष्ट जानकारी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है।

### सचिव ने संभाला मोर्चा, बाहर तक खड़ी रही ट्रॉलियां

# कृषि उपज मंडी में 1000 ट्रॉलियों का महाजाम लगा, किसान रहे परेशान

इटारसी कृषि उपज मंडी जिले की ए ग्रेड मंडियों में शामिल हैं, इसी हिसाब से यहां पर व्यवस्थाएं भी हैं। लेकिन सोमवार को धान की बंपर आवक ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। जिससे प्रबंधन को व्यवस्थाओं को संभालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सोमवार को सप्ताह के पहले दिन इटारसी कृषि उपज मंडी में धान की बंपर आवक दर्ज की गई। एक हजार से ज्यादा ट्रैक्टर ट्रॉलियों में धान लेकर कई जिलों के किसान मंडी पहुंचे, जिससे पूरा परिसर भर गया और व्यवस्था बुरी तरह लडखड़ा गई। कृषि उपज मंडी इटारसी में सोमवार को उपज लेकर पहुंचे किसानों को भीषण जाम का सामना करना पड़ा। मंडी परिसर में एक साथ 1000 से अधिक धान की ट्रॉलियों के पहुंचने से मंडी के अंदर और बाहर, मुख्य सड़कों तक ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग गईं। घंटों तक चले इस मंडी परिसर में लगे इस महाजाम से किसान अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार करने को मजबूर हुए।

### समस्या कैसे हुई गंभीर?

**सोमवार का दबाव** : सप्ताह के पहले दिन सोमवार बड़ी संख्या में किसान अपनी ट्रॉली और ट्रैक्टर लेकर मंडी पहुंचे। ट्रॉलियों की संख्या इतनी अधिक हो गई कि मंडी के प्रवेश द्वार से लेकर परिसर के भीतर तक आवागमन घंटों तक रुका रहा। भीषण जाम और किसानों की परेशानी को देखते हुए मंडी प्रशासन तुरंत सक्रिय हुआ। मंडी सचिव, प्रशांत पांडेय ने स्वयं मोर्चा संभाला और यातायात व्यवस्था को सुचारु करने का प्रयास किया।

### सचिव ने संभाला मोर्चा

सचिव ने खुद मौके पर खड़े रहकर ट्रॉलियों को व्यवस्थित तरीके से लगवाया। आगे की व्यवस्था और अपील मंडी प्रशासन अब भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए अतिरिक्त इंतजामों पर विचार कर रहा है। भीड़ को नियंत्रित करने और वाहनों की पार्किंग को व्यवस्थित करने के लिए नए इंतजाम किए जाएंगे। मंडी सचिव ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी बारी का धैर्यपूर्वक इंतजार करें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि बार-बार जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

## गर्ल्स कॉलेज में महिला सुरक्षा और कानूनी जागरूकता कार्यशाला हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या कॉलेज में सोमवार को इनरव्हील क्लब इटारसी के संयुक्त तत्वावधान में महिला सुरक्षा, जागरूकता एवं सशक्तिकरण विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "Orange the World–महिलाओं और बच्चियों के लिए एक सुरक्षित, सम्मानपूर्ण और हिंसा-मुक्त दुनिया का निर्माण के अनुरूप छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने कहा कि महिला सुरक्षा केवल पुलिस का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है।

उन्होंने छात्राओं से डरने के बजाय संवाद और सहयोग स्थापित करने की अपील की, और बताया कि पुलिस हमेशा उनके साथ है। उप निरीक्षक श्रद्धा राजपूत ने छात्राओं को सशक्तिकरण की बुनियाद बताते हुए विभिन्न कानूनी प्रावधानों, हेल्पलाइन नंबरों (112, 1090, 1098) और त्वरित सहायता प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने उत्पीडऩ की स्थिति में चुप न रहने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि कॉलेज संवेदनशील और आत्मनिर्भर नागरिक तैयार करने का केंद्र है।

ऐसी कार्यशालाएं छात्राओं में आत्मविश्वास और समस्या-समाधान की क्षमता बढ़ाती हैं। इनर व्हील क्लब अध्यक्ष सविता साहू ने कहा कि समाज में समानता, सम्मान और संवेदनशीलता का वातावरण तैयार होने पर ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। संचालक डॉ. शिरीष परसाइ ने कहा कि आत्मरक्षा, आत्मसम्मान और कानूनी जागरूकता का संयोजन ही वास्तविक सशक्तिकरण है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया और स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## जेडआरयूसीसी मेंबर ने ठंडी पुलिया की सफाई करवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति सदस्य योगेंद्र राजपूत ने सोमवार को था ठंडी पुलिया का निरीक्षण किया। वार्ड क्रमांक 33 राठी कॉलोनी के निवासियों की मांग पर बेस किचन के पास ठंडी पुलिया के नीचे जमा मलवा एवं जल भराव जिसकी निकासी एवं आवागमन में हो रही सुविधाओं के दृष्टिगत उन्होंने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि राहगीरों, छात्र-छात्राओं सहित सभी वर्ग के लोगों को पुलिया से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समस्या और उसके निराकरण की मांग को देखते हुए राजपूत ने तीन पुलिया (ठंडी पुलिया)का निरीक्षण कर तत्काल मौके पर ही सफाई टीम को बुलावाया। मौके पर जल भराव की समस्या एवं जो गंदा पानी व मलवा जमा था उसको पूरा मौके पर खड़े रहकर निकलवाया। साथ ही बाजू की नाली में जमा मलवा भी ट्रालियों में भरवाकर पूरी सफाई करवाई।

इस मौके पर स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रमेश धुरिया एवं अन्य वार्डवासियो ने जेड आरयूसीसी मेंबर योगेंद्र राजपूत एवं रेलवे की टीम का धन्यवाद दिया।

राजपूत ने बताया कि आगामी समय में 12 बांग्ला से निकलने वाले नाले को जेसीबी के माध्यम से खाली करवाने की बात कही।

## पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन, पार्षद सहित राजनीतिक दलों के पदाधिकारी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सोमवार को वार्ड क्रमांक 6, 8, 9 एवं 10 के अंतर्गत बूथ लेवल पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2025 के लिए तैयार मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, त्रुटि-मुक्त और अद्यतन बनाना था।

इस अवसर पर मतदान केंद्र क्रमांक 163, 164, 165, 166, 167, 168, 169, 170 और 171 की मतदाता सूची का गहन परीक्षण किया गया। सूची में शामिल अनुपस्थित, स्थानांतरित तथा दोहरी प्रविष्टियों वाले मतदाताओं के नामों का सार्वजनिक वाचन किया गया, ताकि आवश्यक सुधार किए जा सकें। कार्यक्रम में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस दौरान वार्ड 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया, भाजपा बीएलए राजकुमार बाबरिया, पार्षद प्रतिनिधि आकाश यादव, आंगनबाड़ी नोडल अधिकारी महक चतुर्वेदी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

पार्षद ज्योति बाबरिया ने कहा कि इस कार्य में संलग्न बूथ लेवल अधिकारी गुलाब बाई, प्रमोद माधव, रामकिशन कोरी, शेख रज्जाक, मनोज कोरी, प्रमिला यादव, स्मिता गार्डन, सैय्यत आरिफ अली, सुनील भिलाला एवं अन्य कर्मचारियों ने घर-घर जाकर एवं मौके पर उपस्थित होकर मतदाताओं की समस्याओं का निराकरण किया है और आवश्यक फार्म भरवाने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध और त्रुटि-रहित होना लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। इसमें लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी और बीएलओ ने रात-दिन मेहनत की है और कर रहे हैं, जो वास्तव में प्रशंसनीय है।

## धर्म सेवा का संकल्पः श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर बनेगा प्रेरणा केंद्र, मंदिर की स्वच्छता के लिए अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

तुलसी चौक फल बाजार स्थित ठाकुर श्री द्वारिकाधीश भगवान के बड़ा मंदिर में अब सिर्फ पूजा-अर्चना ही नहीं, बल्कि कार सेवा के माध्यम से सामूहिक धर्म सेवा का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। यह पहल मंदिर की स्वच्छता को बढ़ाने का एक धार्मिक संकल्प है, जिसकी शुरुआत श्री द्वारिकाधीश युवा मंडल के अध्यक्ष विपिन चांडक और उनकी टोली ने रविवार से कर दी है।

### सेवा का धार्मिक महत्व सेवा ही समर्पण

सप्ताह में एक बार, हर रविवार को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक, श्रद्धालु प्रभु के धाम की सेवा में अपना समय समर्पित कर सकते हैं। यह कार सेवा, ईश्वर के प्रति आस्था और समाज के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाती है।



### समुदाय का समागम

इस पवित्र कार्य में महिलाएं, पुरुष और युवा सभी मिलकर हिस्सा ले सकते हैं। नियम अनुसार एक समय में केवल एक ही टोली को सेवा का मौका मिलेगा, जिससे व्यवस्था बनी रहे।

### पवित्रता का दायरा

सफाई की अनुमति मंदिर के हर कोने में है, सिवाय उस पवित्र स्थान के, जहां स्वयं ठाकुर द्वारकाधीश का वास है, अर्थात गर्भ गृह।

## धूमधाम से साईं बाबा की मूर्ति का प्रतिस्थापन मंदिर ग्राउंड बनेगा जनसुविधा का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



न्यास कॉलोनी स्थित साईं मंदिर में सोमवार को शोभा यात्रा के साथ बाबा साईं की नई मूर्ति का विधिवत प्रतिस्थापन किया गया। पुरानी मूर्ति को विदाई देने के बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई, और बाबा साईं की नई मूर्ति को साईं गार्डन के पास बने नव-निर्मित मंदिर में स्थापित किया। यह पूरा क्षेत्र भक्तिमय और भावुक माहौल से गूंज उठा।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, पार्षद अमृता मनीष ठाकुर, सभापति राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। महिलाओं ने नम आंखों से पुरानी मूर्ति को विदाई दी और नई मूर्ति की स्थापना पर भावुक होकर आरती उतारी।

विकास कार्य वार्ड 13 की पार्षद अमृता मनीष ठाकुर ने बताया कि साईं मंदिर ग्राउंड में पार्क निर्माण कार्य तेजी से जारी है।

यहां क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य विकास कार्य भी प्रस्तावित हैं, जिससे यह परिसर अब आस्था, मनोरंजन और जनसुविधाओं का एक सुंदर आधुनिक केंद्र बन सकेगा। भक्तों ने इस पहल को आस्था, संस्कृति और विकास का सुंदर संगम बताया है।

## आज बिजली गुल, मेंटेनेंस के कारण कई क्षेत्रों में होगी कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मेंटेनेंस के कारण मंगलवार को शहर के ग्रामीण क्षेत्र में अनेक स्थानों पर बिजली बंद रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अनुसार कंपनी द्वारा अपने 33 केवी सब-स्टेशन और 11 केवी फीडरों पर आवश्यक मेंटेनेंस का कार्य किया जाना है। इसके अतिरिक्त, नवीन 33 केवी लाईन भट्टी से जमानी तक बिछाने का कार्य भी किया जाएगा।

**मुख्य प्रभावित क्षेत्र और समय**

**सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तकः** धोखेड़ा एसपीएम, आईटीसी उपकेन्द्र से निकलने वाले धोखेड़ा और व्याबरा फीडर से जुड़े क्षेत्र जैसे चंद्रपुरा घरेलू, दरोंदाढाना कृषि, धोंखेड़ा घरेलू, लोहारिया कृषि एवं इनसे संबंधित सभी घरेलू और कृषि उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे। **सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तकः** बूढ़ी माता उपकेन्द्र के नाला मोहल्ला फीडर से संबंधित सभी घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। **सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तकः** भट्टी उपकेन्द्र के नयागांव घरेलू उपभोक्ता प्रभावित होंगे। **दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तकः** चौकीपुरा फीडर के कलाआखर घरेलू उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे। **दोपहर 1 बजे से दोपहर 3 बजे तकः** बिछुआ फीडर के कोठा घरेलू उपभोक्ताओं का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा।

## मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुद्ध और पारदर्शी चुनाव की ओर कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पुरानी इटारसी `क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता सूची को त्रुटि मुक्त और शुद्ध बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत करने के लिए, मतदान केंद्र क्रमांक 146 से 154 के बीच अनुपस्थित, स्थानांतरित, और दोहरी प्रविष्टियों वाले मतदाताओं के नामों का वाचन किया गया।

इस कार्यक्रम में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, गणमान्य जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

कार्यक्रम में नगर पालिका के उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, वार्ड पार्षद दिलीप गोस्वामी, वरिष्ठ नागरिक मधुसूदन यादव, सुपरवाइजर बीके धुर्वे और विभिन्न बीएलओ कमलेश दमालकर, राजेश अरक्का, साधना शुक्ला आदि उपस्थित रहे। वार्ड पार्षद दिलीप गोस्वामी ने शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने में रात-दिन मेहनत करने वाले सभी अधिकारियों, बीएलओ, और कर्मचारियों का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि यह प्रयास चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और लोकतंत्र में नागरिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण, बूथों पर पहुंचे जिलाध्यक्ष व जनप्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत सोमवार को वार्ड क्रमांक 9, 13, 14, 15, एवं 29 में कांग्रेस के जनप्रतिनिधिओं ने मतदान केंद्र पर पहुंचकर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया।

इस अवसर पर वार्ड क्रमांक होती 29 में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनोखी लाल राजोरिया, वार्ड क्रमांक 9-10 में एसआईआर के नगर प्रभारी शेख रमजान जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, हयात भारती, सहित कांग्रेस के बीएलए, सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रेल कर्मचारियों के साथ अन्याय

## वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर के पदों पर विवादः ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल ने स्टेशन प्रबंधक को कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों में वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजरों की पदोन्नति और पदों के वितरण को लेकर विभागीय लापरवाही और मनमानी का गंभीर मामला सामने आया है। ऑल इंडिया गुड्स ट्रेन मैनेजर कमेटी इटारसी के सदस्यों ने सोमवार को स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर तत्काल न्याय की मांग की।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जे पी राय, शरद सतपाल, विनोद गौरे, मुकेश रोकड़े, सुनील चौहान, नितेश तिवारी, निखिल मेहरा, देवेंद्र सिंह, इंद्रकुमार यादव, शैलेंद्र सिंह, भोजराज कोड़ले, गजेंद्र सिंह और हरिशंकर सहित बड़ी संख्या में ट्रेन मैनेजर उपस्थित थे। **मुख्यालय के दो विरोधाभासी पत्रों से बढ़ा भ्रमः** गार्डस काउंसिल का आरोप है कि रेलवे यातायात की जरूरतों के हिसाब से नए 'गुड्स ट्रेन मैनेजर' के पद तो बनाए गए, लेकिन वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर के स्वीकृत पदों में पिछले कई सालों से कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। स्थिति तब और बिगड़ गई जब मुख्यालय ने इस मामले में विरोधाभासी पत्र जारी कर दिए।

**पहला पत्र (दिनांक 08/07/2025):** इसमें कहा गया कि जबलपुर मंडल में गुड्स ट्रेन मैनेजर और वरि. गुड्स ट्रेन मैनेजर के पदों का वितरण 50:50 के अनुपात में कर दिया गया है, और भोपाल-कोटा मंडल को भी ऐसा करने का निर्देश दिया गया है। **दूसरा पत्र(दिनांक15/10/25):** इसके विपरीत, इसमें कहा गया कि भोपाल और कोटा मंडल में 50:50 के अनुपात में वितरण हो चुका है, जबकि जबलपुर मंडल में अभी यह होना बाकी है।



संगठन ने कहा कि जमीनी हकीकत यह है कि तीनों मंडलों में कैडर पुनर्गठन-2013 के तहत 50:50 के अनुपात में पदों का वितरण और पदोन्नति अभी भी लंबित है।कर्मचारियों का मनोबल टूटा, बताया सम्मान का प्रश्नज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि यह प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि कर्मचारियों के साथ सीधा अन्याय है। गाड्र्स काउंसिल ने स्टेशन प्रबंधक से त्वरित हस्तक्षेप की मांग की जिससे वंचित कर्मचारियों को जल्द उनका हक मिलेगा।

## गजपुर में रेलवे ट्रैक पर मिली लाश, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के पास ग्राम गजपुर में डाउन रेलवे ट्रैक पर रविवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह घटना खंबा नंबर 760/26-28 के करीब सुबह 6:57 बजे सामने आई। प्रारंभिक जांच में इसे रेल दुर्घटना का मामला माना जा रहा है।

### पॉइंट्समैन ने दी सूचना

गुर्रा स्टेशन के पॉइंट्समैन, दीपक कहार 40 वर्ष, जब रेल मार्ग की नियमित पेट्रोलिंग कर रहे थे, तब उन्होंने ट्रैक के किनारे यह शव देखा।

उन्होंने बिना देरी किए तुरंत रामपुर गुर्रा पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने दर्ज किया मामला मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष अनुमानित है, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, पंचनामा तैयार किया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।

### थानो को भेजी जानकारी

इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, अब मृतक की पहचान सुनिश्चित करने, उसके ट्रैक पर पहुंचने के कारण और हादसे की वास्तविक परिस्थितियों की जांच कर रही है। शव की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के थानों और रेलवे विभाग को भी जानकारी भेज दी गई है।

